प्रेस नोट

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

<u>दिनांक 30.05.2022 से 05.06.2022 के दौरान संसदीय कार्य मंत्रालय में आजादी का अमृत महोत्सव का अनुसंकेतक सप्ताह समारोह</u>

स्वतंत्रता के 75 वर्ष का उत्सव मनाने और भारत के अमृत काल में प्रवेश करने के अवसर पर संसदीय कार्य मंत्रालय 30 मई, 2022 से 05 जून, 2022 तक आजादी के अमृत महोत्सव (एकेएएम) का आइकॉनिक सप्ताह मना रहा है। आइकॉनिक सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में, मंत्रालय 'वीडियो - युवा संसद का ट्यूटोरियल' का व्यापक प्रचार कर रहा है। ट्यूटोरियल, युवा संसद के महान आदर्शों को प्रदर्शित करने का प्रयास करता है, जैसे अलग-अलग दृष्टिकोणों को सहिष्णुता के साथ प्रोत्साहित करना, बहस और चर्चा करके समस्याओं का समाधान करना आदि। इसका उद्देश्य हमारे लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना और हमारे छात्र समुदाय के बीच लोकतांत्रिक परम्पराओं का प्रचार-प्रसार करना है, ताकि उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं और कामकाज के तरीकों से परिचित कराया जा सके। ट्यूटोरियल में लोकतांत्रिक परम्पराओं का संदेश भी है।

बड़े पैमाने पर दर्शकों की सुविधा के लिए वीडियो-ट्यूटोरियल निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार संसद टीवी पर प्रसारित किया जाएगा: -

प्रीमियर - 30.05.2022 को सुबह 10 बजे

पहला रिपीट टेलीकास्ट - 02.06.2022 को दोपहर 2 बजे

दूसरा रिपीट टेलीकास्ट - 05.06.2022 को शाम 6 बजे

वीडियो-ट्यूटोरियल को मंत्रालय की राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) के यूट्यूब चैनल पर भी होस्ट किया गया है और इसे https://youtu.be/ut32HqVbHeg पर देखा जा सकता है।

इसके अलावा, कुछ स्कूलों को भी सप्ताह के दौरान अपने युवा संसद का आयोजन करने के लिए निर्धारित किया जा रहा है।

डिजिटल विधायिकाओं के लिए मिशन मोड परियोजना, राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) का उद्देश्य अमृत काल के दौरान सभी विधायिकाओं के कामकाज को पेपरलेस करना है। नेवा जिसे 'एक राष्ट्र- एक एप्लिकेशन' के सिद्धांत पर विकसित किया गया है, सभी विधायिकाओं को इस एकल मंच पर सभी सरकारी कामकाज को डिजिटल मोड में पूरा करने में सक्षम बनाएगा और इसमें सरकारी विभागों के साथ संवाद भी शामिल होंगे। नेवा तक https://www.neva.gov.in पर पहुंचा जा सकता है और इसका मोबाइल ऐप प्ले स्टोर और ऐप स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

आइकॉन सप्ताह के दौरान, क्षमता निर्माण के उपाय के रूप में, संसदीय कार्य मंत्रालय में सीपीएमयू, नेवा द्वारा 2 और 3 जून, 2022 को वर्चुअल मोड में विधायिकाओं के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जायेगा। वर्चुअल प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए लिंक, पोर्टल और मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे।